Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to accord approval to DPR of Warkhede Londhe Medium Barrage Project on river Girna in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगाँव) ः मेरे जलगांव संसदीय क्षेत्र के चालीसगांव तालुके में वर्खेडे लोंढे बैराज मीडियम प्रोजेक्ट गिरना नदी पर एक निर्माणाधीन परियोजना है। इस परियोजना के पूरा हो जाने पर इससे जलगांव जिले की दो तहसीलों की 7542 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई, चालीसगांव तालुके की नगरपालिका तथा इससे सटे हुए 31 गांवों की पेयजल की समस्या हमेशा के लिए हल हो जाएगी। परियोजना पर पर्यावरण की दृऐिट से मंजूरी मिल चुकी है तथा इस समय यह परियोजना केद्रीय जल आयोग के पास विचारार्थ लम्बित है। परियोजना की वर्तमान लागत 526.64 करोड़ रूपये है। पिछले एक दशक से मैं इस परियोजना पर शीघ्रातिशीघ्र काम शुरू करवाने का प्रयास कर रहा हूँ, परन्तु अभी तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना की डी.पी.आर. पर शीघ्रातिशीघ्र मंजूरी दिलवाई जाए तथा साथ ही साथ इस परियोजना के निर्माण हेतु ड्राटप्रॉन एरिया स्कीम के तहत विशेऐ केद्रीय सहायता के माध्यम से आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाए ताकि इस परियोजना पर यथाशीघ्र काम शुरू हो सके।